महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें : यूडीएच मंत्री खर्रा

■ महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर भव्य समारोह आयोजित

सीकर, (निसं)। सामाजिक समरसता एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 11 अप्रैल, 2026 को उनकी जयंती के उपलक्ष्य में सीकर के पिपराली रोड स्थित सी.एम. मैरिज गार्डन में सैनी जागृति संस्था, सीकर द्वारा भव्य समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि सदैव केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

कार्यक्रम में सीकर सांसद अमराराम ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने शोषित वर्गों के उत्थान के लिए व्यापक कार्य किए तथा नारी शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी ने महात्मा फुले के योगदान को सदैव स्मरण रखने तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन, उनके समाज सुधार के कार्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से समाज में शिक्षा, समानता एवं जागरूकता का संदेश दिया गया।

सैनी जागृति संस्था के अध्यक्ष विष्णु सिंगोदिया ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश सैनी ने फुले जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

रतनलाल सैनी ने महात्मा फुले के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। राजेश सैनी ने समाज की एकता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता तेज प्रकाश सैनी, पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष मदनलाल हलवाई, निवर्तमान सभापति जीवण खां, सुनीता गिठाला, गोविंद कटारिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, पूर्व पार्षद प्रेम सैनी, भंवर लाल गार्ड, भंवर लाल सैनी, विष्णु सिंगोदिया, जगदीश दानोदिया, जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, यूआईटी सचिव जेपी गौड, अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी राम कुमार चाहिल, भीम सेना के अनिल तिरदिया शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओ.पी. सैनी (सचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान), राधा किशन चोबदार (निदेशक, महात्मा ज्योतिबा फुले करियर एकेडमी) एवं किशन लाल सैनी (उपाध्यक्ष, सैनी जागृति संस्था) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सैनी समाज अध्यक्ष राजकुमार दैया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सीकर के विभिन्न समाजों के जिला अध्यक्ष, विभिन्न संगठनों-सैनी समाज संस्था, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान, सैनी अधिकारी-कर्मचारी सेवा एवं विकास संस्था, फुले ब्रिगेड, महात्मा ज्योतिबा फुले केरियर एकेडमी-के पदाधिकारी, सैकडों की संख्या में वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

सीकर में सामाजिक समरसता एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य समारोह आयोजित किया गया।

शोभायात्रा निकाली

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था के फुले छात्रावास में शनिवार को महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा हनुमान बगीची संस्था से रवाना होकर गायत्री नगर स्थित फुले भवन पहुंची। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट आसाराम सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को साथ लेकर फुले के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में नेशनल ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधारी लाल तंवर ने कहा कि सावित्री बाई फुले के संघर्षों से प्रेरणा लेकर महिला शिक्षा को बढ़ावा दें। ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना करियर बनाने के लिए संस्कारित शिक्षा ग्रहण करने व मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। डॉ. निरंजन चिराणिया ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अंकुरित अनाज को भोजन का हिस्सा बनाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर प्रसाद पंवार ने की। जिलाध्यक्ष विनोद पापटान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भगवानाराम सैनी, कन्हैयालाल सैनी, गुलजारी लाल सैनी, चन्द्र प्रकाश सैनी, शिक्षाविद डी.के. सैनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

चूरू नगर परिषद स्वायत्त शासन विभाग के नियंत्रण से बाहर

■ चूरू में जमकर हो रहे अवैध निर्माण, भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने पर उतारू

चूरू (निसं)। चूरू जिला मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारियों की कार्यप्रणाली चाहे मुख्यमंत्री भजनलाल की मंशा के अनुरूप हो ना हो लेकिन उनकी छवि को कुठाराघात पहुंचाने वाली साबित हो रही है।

जानकारी के अनुसार चूरू शहर में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहे या हिम्मत, की शहर में बेरोक टोक अवैध निर्माणों का तांता लगा है जहां अधिकारी आंख बंद कर बैठे है वहीं राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि होती जा रही है। शहर में अनेक स्थानों पर चाहे सुभाष चौक हो या गढ़ या फिर रेलवे स्टेशन सभी जगह नियमों को ताक पर रखकर निरमा कार्य किए जानरहे है जो आज तो अधिकारियों की मिलीभगत से पनप रहे है लेकिन आने वाले समय में शहर के लिए अभिशाप साबित हो सकते है चूंकि चूरू की बसावट काफी पुरानी है इसलिए मुख्य बाजार जैसे स्थानों पर जहां पहले से ट्रैफिक व्यवस्था छिन्न भिन्न है।

वहीं दूसरी ओर बिना निर्माण स्वीकृत व पार्किन व्यवस्था सहित विभिन्न पैमानों की धज्जियां उडाकर शहर में अवैध निर्माण होते जा रहे है लेकिन कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

मुख्यमंत्री शर्मा की जीरो करप्शन पॉलिसी का उड़ रहा मखौल:- जहां प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भ्रष्टाचारियों पर आए दिन नकेल कसने के प्रयासरत है वहीं चूरू शहर में अधिकारी ही इस नीति का मखौल उडा रहे है और अवैध निर्माणों को अपने स्वार्थ के कारण आंखे बंद करके बैठे है जिससे मुख्यमंत्री की नीति पर कुठाराघात करने वाले ओर कोई नहीं बल्कि राज्य सरकार के कर्मचारी ही इसका भट्ठा बैठाने पर तुले हुए हैं।

क्या स्वायत्त शासन विभाग शासन करना भुला?:- चूरू में लंबे समय से अतिक्रमण का मुद्दा उठने के बाद भी स्वायत्त शासन विभाग भी हाथ धरे बैठा है। जहां विभागीय कमजोर पकड़ के कारण राज्य सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

आम जन में यह चर्चा बनीबुई हैं कि अब स्थिति प्रदेश स्तर पर बिगड रही है तभी स्थानीय अधिकारियों पर कार्यवाही करने की बजाए स्वायत्त शासन विभाग मौन धारण करे बैठा है।

सार-समाचार

श्रद्धालुओं हेतु वाटर कूलर भेंट

पाटन (निसं)। निकटवर्ती ग्राम भूदोली स्थित श्री श्री 1008 बाबा बिशन दास जी महाराज के मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया गया। यह सेवा स्वर्गीय मुनाराम सैन (पिता स्व. नाथूराम सैन) की स्मृति में उनके परिजन पप्पू मल सैन, पिंटू सैन एवं दिनेश सैन द्वारा समर्पित की गई।इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महंत रामदास महाराज ने दानदाताओं की सराहना करते हुए इसे पुण्य कार्य बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं और इससे श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलेगा।पिंटू सैन ने बताया कि हमारे चाचाजी स्वर्गीय मुनाराम सैन की स्मृति में श्रद्धालुओं की सेवा हेतु मंदिर में वाटर कूलर भेंट किया गया है, ताकि गर्मी के मौसम में आने वाले भक्तों को ठंडे पानी की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में प्रशासक दिनेश कुमार जांगिड, सुरेश शर्मा, महावीर सैन, मुकेश सैनी, रामजीलाल मीणा, महिपाल कुमावत, रणजीत सिंह, रामसिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा, कमलेश , सीताराम सैन , मुकेश सैन एवं जितेंद्र कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मंदिर में वाटर कूलर लगने से अब श्रद्धालुओं को गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे भक्तों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयन्ति मनाई

नोहर, (निसं)। यहां सामाजिक समरसता न्याय मंच तहलील ईकाई की ओर से शनिवार को कस्बे के टैगोर चौक स्थित एसआरबी कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान में अध्यक्ष हरदत सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयन्ति मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा ज्योतिबा राव एवं सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित करते हुये श्रद्धाजंलि दे कर किया गया । भूमि विकास बैंक के शाखा प्रबंधक सोहनलाल वर्मा ने महात्मा फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उन्होंने कमजोर, वंचितों व पिछड़ों के उत्थान के लिये जीवन भर संघर्ष किया। निवर्तमान जिला लोकपाल विनोद जांगिड ने कहा कि महात्मा फुले ने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिये क्रांतिकारी काम किया। उन्होंने छुआछूत, जातिप्रथा और पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। एडवोकेट रोहिताश जांगिड एवं आनन्द सैनी ने आव्हान किया कि फुले दम्पति से प्रेरणा लेकर समाज से कुरीतियां हटाकर अशिक्षा का अंधकार मिटाएं और एक समृद्ध और विकसित राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर अखिल भारतीय गोगामेडी विकास समिति के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. श्रवण सुथार, सुंदर सैनी, हनुमान नाई, उग्रसेन भुंकल, संदीप बॉक्सर , संदीप मेघवाल आदि ने विचार रखे।

महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई

नोहर, (निसं)। यहां युगपुरुष महात्मा ज्योतिबा फूले की 199 वीं जयंती सैनी समाज समिति की ओर से मनाई गई। इस अवसर पर यहां वार्ड एक में रिद्धि-सिद्धि इनक्लेव में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर संतलाल सैनी ने अपने उद्बोधन में महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके विचारों एवं सिद्धांतों को अपने जीवन में अंगीकार करने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी गुरूदयाल सैनी ने उपस्थित समाज बंधुओं से समाज की प्रतिभाएं जो आर्थिक रूप से पिछडी हुई हैं उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करते हुए आगे बढाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षाविद् भागमल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फूले का जीवन परिचय विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया। आनंद सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन संघर्षों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए सकारात्मक सुधारों के बारे में बताया। समिति अध्यक्ष हरदत सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में बडी संख्या में समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।मंच संचालन सुंदरलाल सिंगोदिया द्वारा किया गया।

अशोक सहारण को पीएच.डी.की उपाधि

नोहर, (निसं)। नोहर निवासी अशोक सहारण को श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय हनुमानगढ़ के द्वारा वनस्पति विज्ञान में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। अशोक सहारण ने जैसलमेर जिले (पश्चिमी राजस्थान) के विशालकाय विरासत वृक्षों का अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूरा किया। यह शोध कार्य डॉ. भारती तलदार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शोध में जैसलमेर क्षेत्र के प्राचीन एवं विशाल वृक्षों के संरक्षण, जैव विविधता तथा पर्यावरणीय महत्व पर विशेष अध्ययन किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शोध कार्य का वाइवा परीक्षण राजकीय महाविद्यालय हनुमानगढ़ के प्राचार्य डॉ. रामपाल अहरोदिया के द्वारा किया गया । अशोक सहारण की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के नागरिकों ने खुशी जताई है।

गायों को गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया

तारानगर (निसं)। तारानगर के पूर्व विधायक डॉक्टर चंद्रशेखर बैद के समर्थकों ने शनिवार को बैद का जन्म दिवस मानवता भलाई के साथ मनाया। इस मौके पर उनके समर्थकों ने कस्बे के वार्ड 03 मे स्थित आदर्श गौशाला में गायों को गुड खिलाया व भाग्य श्री अनाथ आश्रम में मंदबुध्दि लोगों को भोजन व फल वितरित किया एवं एक दूसरे को बैद के जन्म दिवस की बधाई दी, बैद के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सेवानिर्वत अध्यापक गिरधारीलाल सोलंकी, हरी इंदौरिया, गुलाब सोलंकी, डूंगरमल लुहार, दाऊद लुहार, श्रवण सैनी, नथमल कन्दोई, इकरामुदीन, सदीक, बिलाल लुहार, गुलाब नबी, अदरीश बिसायती सहित काफी लोग मौजूद रहे।

पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया

रतनगढ़ (निसं)। 22 अप्रैल को चूरू में होने वाले ले. जनरल सगत सिंह की प्रतिमा अनावरण व राजेंद्र राठौड के जन्मदिन समारोह को लेकर लगातार चौथे दिन भी गांव-गांव जाकर पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया गया।

देहात कांग्रेस की बैठक आयोजित

नोहर, (निसं)। उप-तहसील पल्लू में देहात कांग्रेस की बैठक नोहर धर्मशाला में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन राजेंद्र चाचाण रहे वहीं अध्यक्षता देहात अध्यक्ष वेद प्रकाश ने की। बैठक में राजेंद्र चाचाण ने कहा की प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन बढाओ लोकतंत्र बचाओ को लेकर आएगी जिस बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं को भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ एक जुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लेना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीजेपी सरकार द्वारा पंचायती राज चुनाव नहीं कराई जाना लोकतंत्र की हत्या व सरकार की बडी विफलता और पंचायती राज की कडी को कमजोर करना दर्शाता है। आज आमजन अपने आप को इस भाजपा सरकार में ठगा महसूस कर रहा है जिला परिषद सदस्य गौरीशंकर थोरी ने कहा कि आज विकास का कार्य पूरी तरह बंद पडे है। भ्रष्टाचार हर विभाग में चरम सीमा पर फैला हुआ है। राजस्थान सरकार पूरी तरह हर कार्य में विफल रही है। गहलोत सरकार ने जो जनकल्याणकारी योजना चलाई थी उसको धीरे-धीरे करके बंद कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर खरीद का केवल दिखावा किया जा रहा है।

उदयपुरवाटी में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड के पास शनिवार को देश के समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी एवं भूदान बोर्ड के सदस्य मीनू सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि खटीक के अध्यक्ष हरिरामअसवाल, सैनी समाज के अध्यक्ष केदारमल सैनी, केसर देव सैनी, योगी समाज के अध्यक्ष विकास योगी, गुर्जर समाज के अध्यक्ष नरेश, पूर्व सरपंच प्रहलाद गिल, मुमताज कुरैशी, हंसा वर्मा, रवि सर्पटा, मुरारी लाल छिपा, मोहनलाल सैनी, सुरेश सेन, गौतम मारवाल उपस्थित थे। मीनू सैनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्व समाज के अध्यक्ष शामिल रहे। देश के समाज सुधारक ज्योतिराव फुले के बारे में वक्ताओं ने संबोधित किया।

अतिथियों का दुपट्टा व साफा पहना कर स्वागत किया। विधायक भगवानाराम सैनी का माला पहनाकर उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर एडवोकेट श्रवण कुमार सैनी, मेघराज सैनी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी, किसान नेता धनाराम सैनी,रतनलाल सैनी, रमेश सैनी बागोरा, छोटू राम सैनी छापोली, शंकर लाल, राकेश जमालपुरिया, संचालक पीसी कटारिया साहित्य कई लोग मौजूद रहे। इधर घूम चक्कर स्थिति सैनी मंदिर में महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

विधायक भगवान राम सैनी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, विवाह एवं सामाजिक कार्यक्रमों में अनावश्यक खर्चों को कम करने, बच्चों की शिक्षा पर जोर देने तथा सामाजिक समरसता बनाये रखने पर बल दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज अध्यक्ष केदारमल सैनी ने की। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष बीरबल सैनी, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष विनय कुमार सैनी, सेवानिवृत उपनिदेशक रामकरण सैनी, महामंत्री बनवारी लाल सैनी, एडवोकेट श्रवण कुमार सैनी, कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीएल सैनी, डॉ अशोक कुमार सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विश्वेश्वर लाल सैनी, पार्षद शिव प्रसाद चेजारा, शिक्षाविद् सहदेव सैनी, सेवानिवृत प्रधानाचार्य भागमल सैनी मदनलाल सैनी सेनिएस आई, डॉक्टर अशोक कुमार सैनी, राधेश्याम रचयिता, पवन कुमार शाह, नेहरू वाल्मीकि बाबूलाल सैनी गिरधरपुरा, सेवानिवृत्त कंपाउंडर महेश कुमार सैनी, किसान नेता धनाराम सैनी, बागोरा सरपंच प्रतिनिधि रमेश सैनी, सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक सीताराम सैनी,किसान नेता धनाराम सैनी, राकेश सैनी,नेहरू वाल्मीकि, डॉ मुकेश बागडी, सेवानिवृत्त प्रसार अधिकारी बोदूराम सैनी, सेवानिवृत शिक्षक रामलाल सैनी एडवोकेट प्रभु दयाल सैनी,सुरेश नायक, रामकरण सैनी, मोतीराम सैनी,रमेश असवाल, सेनि शिक्षक रामलाल सैनी,पूर्व पार्षद जगदीश बागडी सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बनवारी लाल सैनी ने किया।

खेतड़ी के टीलावाली के पास मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, हादसे में छह मजदूर घायल हुए

खेतड़ी (निसं)। खेतडी उपखंड के टीलावाली के पास शनिवार सुबह मजदूरों से भरी एक पीकअप गाडी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान हादसे में पीकअप में सवार छह मजदूर घायल हो गए। हादसे में घायल पांच जनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बसंत विहार व खरखडा के रहने वाले सभी मजदूर सुबह करीब आठ बजे पीकअप गाडी में सवार होकर मजदूरी करने के लिए बसई में कंस्ट्रक्शन साइट पर जा रहे थे। पीकअप गाडी जब टीलावाली के पास पंहुची तो अचानक गाडी का संतुलन बिगड गया तो गाडी सडक पर ही पलट गई। इस दौरान हादसे में बसंत विहार निवासी रामूसिंह, अजय, खरखडा निवासी सुरेश, विक्रम, राजेंद्र, कान्हाराम घायल हो गए। हादसे की सूचना पर 108 एंबुलेंस के पायलट अजीत सिंह निर्वाण, सतीश मान व ईएमटी कुलदीप महरिया मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायलों को उपचार के लिए खेतडी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया।

इस दौरान डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल विक्रम व अजय की हालत नाज़ुक होने पर जयपुर तथा रामू सिंह, सुरेश व राजेंद्र को झुंझुनूं रैफर कर दिया। वहीं एक जने का अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। हादसे की सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल में पंहुचे। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। सडक पर पीकअप पलट जाने से खरखडा से चंवरा जाने वाली सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। जिस पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाडी को साइड में करवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया गया।

डॉ हर्ष सौभरी ने बताया कि हादसे में पांच लोग गंभीर घायल हैं उन्हें उपचार के लिए झुंझुनूं व जयपुर भेजा गया है। एक घायल का डाक्टरों की टीम उपचार कर रही है, जिसको चोटें कम है।

पुण्यतिथि मनाई

सीकर (निसं)। सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत, सांस्कृतिक मंडल सीकर के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी 'भाईजी' के नाम से विख्यात स्वर्गीय किशनलाल चौकडीका की 27वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को रामलीला मैदान स्थित महालक्ष्मी विवाह स्थल में श्रद्धा, सम्मान और भक्ति भाव के साथ गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्य मंदिर पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य जी महाराज एवं संत चंद्रमा दास जी महाराज के सानिध्य में गणेश वन्दना से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सीकर जिला उप प्रमुख ताराचंद घायल, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा सहित सांस्कृतिक मंडल सीकर के अध्यक्ष कांता प्रसाद मोर, रतन सिंह पिलानियां एवं पन्नालाल सारडा, राकेश लाटा उपस्थित रहे।

सार-समाचार

प्रवेशोत्सव व पूर्व स्नातक सम्मेलन का शुभारंभ

चूरू (निसं)। स्थानीय श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रवेशोत्सव व पूर्व स्नातक सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। वैदिक परंपराओं और आधुनिक शिक्षा के समन्वय का संदेश देते हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, आचार्यों और पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले सत्र में संत चैतन्य महाराज ने भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन भारतीय विद्याएँ आज भी जीवन को दिशा व दशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान स्वदेश स्वरूप दास महाराज ने गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा का गुणगान करते हुए एकलव्य के उदाहरण से श्रद्धा और समर्पण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि गुरू के प्रति सच्ची आस्था ही साधक को सफलता के शिखर तक पहुंचाती है। द्वितीय सत्र में गीता गान के साथ कार्यक्रम परवान चढ़ा। इस दौरान महाराज ने रामायण और महाभारत के प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य भवानी शंकर शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अतिथियों का सम्मान किया। अंतिम चरण में पूर्व छात्रों और वर्तमान ब्रह्मचारियों के मध्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान मैदान में अनुभव और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन ने नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ पूर्व छात्रों के जुड़ाव को भी मजबूत कर दिया। प्रबंधक ईश्वर सिंह राठौड ने बताया कि रविवार को दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भीमराव अंबेडकर मूर्ति अनावरण 14 को

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अगुणा मोहल्ले मूरडाई बास स्थित मेघवाल भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा।कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे मेघवाल भवन से विशाल रैली रवाना होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। इसके पश्चात सुबह 11 बजे प्रतिमा अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा ।आयोजन को लेकर भीम शक्ति एवं मेघवाल समाज के जितुराम मेघवाल व तिलोकचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में रवि शेखर मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पूनमचंद गर्ग करेंगे। इस अवसर पर बिदासर प्रधान संतोष मेघवाल, थानाधिकारी सुरेंद्र बारूपाल, मेघवाल परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कानाराम कांटीवाल, अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष देवीलाल मेघवाल सहित भानीराम मेघवाल, सुगन चंद मंडार (रतनगढ़) एवं भीम आर्मी राजलदेसर के अध्यक्ष श्रवण कुमार मेघवाल समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन मेघवाल समाज भवन में किया गया । इस मौके पर भीम आर्मी के अध्यक्ष श्रवण बारुपाल , सुखाराम, हेमराज, डूंगराराम, भगवानाराम, सांवरमल कालुराम तंवर, उल्लासाराम, सोहनलाल सहित समाज के व्यक्ति मौजूद रहे।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर बैठक

सीकर, (निसं)। भाजपा के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को ली। बैठक में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि अभियान के माध्यम से महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण के बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ और प्रभावशाली महिला व्यक्तित्व से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और नमो एप माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के ऐतिहासिक महत्व को साझा करना होगा। कहा कि इसका महत्व यह है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित होगी। यह प्रावधान परिसीमन की प्रक्रिया के बाद लागू होगा। कहा कि राष्ट्रव्यापी इस कार्यक्रम में जिले की अग्रणी भूमिका रहनी चाहिए। इस दौरान सुमन वर्मा, शारदा काबरा, प्रियंका बाजिया, अनुराधा, भंवरी खोखर, उमा सैनी, राज शर्मा, राजेश रोलन, तेजप्रकाश सैनी, नेमीचंद कुमावत, डॉ. कमल सिखवाल, अशोक चौधरी, गोविंद सैनी आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा का स्वागत किया

रतनगढ़ (निसं)भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल द्वारा शनिवार को स्थानीय घंटाघर के पास महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नियमित किताबें और अखबार पढ़ें : सुराणा

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले में चल रहे पुस्तक संवाद नवाचार के तहत जिला कलेक्टर आवास पर बोर्ड परीक्षाओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनसे संवाद किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम, सीडीईओ संतोष महर्षि, एडीपीसी सरिता आत्रेय, डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया सहित अधिकारियों ने कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नियमित रूप से किताबें और अखबार पढ़ें। इसी के साथ लक्ष्य के अनुकूल तैयारी हो सकेगी। अपनी योग्यता और जुनून से भविष्य की रूपरेखा तैयार करें और नियमित रूप से लक्ष्य पथ पर आगे बढ़ें।

इसी के साथ सोशल मीडिया और मोबाइल से दूर रहें। इस दौरान एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि सही रास्ता चुनकर शुरुआत से ही अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता और लगन से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बडा सोचें और अपने सपने को साकार करने के लिए नियमित अध्ययन करें। जिला कलेक्टर सुराणा और एसपी निश्चय प्रसाद ने विद्यार्थियों से कैरियर आकांक्षाओं से जुडे सवाल किए और मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने अतिथियों से विभिन्न राजकीय सेवाओं, व्यापार और स्वरोजगार से जुड़े सवाल किए और अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। उपस्थित अधिकारियों ने करियर संभावनाओं और विकल्पों की जानकारी दी। इस दौरान कमल शर्मा, जनार्दन, भवानी, दीपक शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा ने किया।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर कलेक्टर आवास पर पुस्तक संवाद कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

जागरूकता का संदेश दिया

रतनगढ़ (निसं)। कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती पर रतनगढ़ में भव्य एवं ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया। सामाजिक एकता, शिक्षा और समानता का संदेश देती इस रैली में हजारों की संख्या में प्रबुद्धजन, महिलाएं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, जिला चिकित्सालय परिसर से पुष्प अर्पित कर किया गया।

बेदखली सूचना यह है कि रूपा राम पुत्र लालचन्द जाति जाट व साक्षी पत्नी रूपा राम जाति जाट निवासीगण मानपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू मेरा पुत्र व मेरी पुत्रवधू है। जो कि मेरी व मेरे परिवार की नहीं मानते हैं तथा अपनी मनमर्जी करते हैं। मेरा पुत्र रूपा राम पुत्र लालचन्द व मेरी पुत्रवधू साक्षी पत्नी रूपा राम से मेरा व मेरे परिवार का कोई किसी तरह का लेन देन नहीं है, और मेरे पुत्र व मेरी पुत्रवधू के साथ मेरा व मेरे परिवार का भी कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। यह कि मेरे पुत्र रूपा राम पुत्र लालचन्द व मेरी पुत्रवधू साक्षी पत्नी रूपाराम को मेरी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पती से बेदखल करता हूँ। यह है कि मेरा पुत्र रूपा राम पुत्र लालचन्द व मेरी पुत्रवधू साक्षी पत्नी रूपाराम को मेरे भविष्य में मेरे परिवार के नाम से कोई किसी भी प्रकार का किसी भी व्यक्ति, संस्था से कोई लेन देन का या अन्य किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो इसमें हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी तथा समस्त प्रकार की जिम्मेवारी लेन देन करने वाले स्वयं की होगी तथा मेरा पुत्र रूपा राम पुत्र लालचन्द व मेरी पुत्रवधू साक्षी पत्नी रूपा राम किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य करते हैं तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होंगे, मैं और मेरे परिवार के सदस्य जिम्मेवार नहीं होंगे। यह कि मैं व मेरा परिवार मेरे पुत्र रूपा राम पुत्र लालचन्द व मेरी पुत्रवधू साक्षी पत्नी रूपा राम के साथ दिनांक 11.04.2026 को सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म करते हैं तथा मेरे पुत्र रूपा राम पुत्र लालचन्द व मेरी पुत्रवधू साक्षी पत्नी रूपा राम को बेदखल करते हैं, सभी को सूचित रहे।
शपथग्रहिता-लालचन्द पुत्र श्री भानीराम उम्र 73 साल जाति जाट निवासी मानपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)